# शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर (म.प्र.)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

**(नाहं वै भवान)**

## वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र : 2020-21






ज्ञान प्रकाश पाण्डेय
कार्यक्रम अधिकारी
रासेयो (पुरुष इकाई)

प्रो. संगीता बासरानी
कार्यक्रम अधिकारी
रासेयो (महिला इकाई)

डॉ परमानन्द तिवारी
जिला संगठक / प्राचार्य

# वार्षिक प्रतिवेदन

शासकीय तुलसी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सत्र 2020-21 में किये गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण माहवार प्रस्तुत है | इस प्रतिवेदन में जून 2020 से मई 2021 तक की गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है |

# जून - 2020

**05 जून 2020 को विश्व पर्यावरण दिवस** के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे के संत,प्रो. प्रीति वैश्य, प्रो. पूनम धांडे, शाहबाज़ खान एवं ज्ञान प्रकाश पाण्डेय (कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो) के साथ-साथ वालंटियर्स ने भी किया |




वृक्षारोपण करते प्राध्यापकगण

## अक्टूबर -2020

1. **राष्ट्रीय** पर्व गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को महाविद्यालय में स्थापित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया | इसके पश्चात् वृक्षारोपण किया गया | इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी रासेयो एवं अन्य महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे |









हरिभूमि

जबलपुर - विराट भूमि

4 Oct 2020

### गांधी जयंती पर महाविद्यालय में हुआ विविध कार्यक्रमों का आयोजन

अमलाई। जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर में राष्ट्रीय पर्व गांधी जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. परमानन्द तिवारी के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। ध्वजारोहण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तत्पश्चात गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर रासेयो के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता की तथा वृक्षारोपण भी किया। महाविद्यालय परिवार ने देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया और उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं कर्मचारी सुरेंद्र और विकास तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

#### नई शिक्षा नीति 2020 एवं महात्मा गांधी

इसी तारतम्य में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आज गांधी जयंती के अवसर पर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति और महात्मा गांधी विषय पर ऑनलाईन परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. परमानंद तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि गांधी जी एक कालजयी योद्धा थे। उन्होंने सदैव स्वच्छता, आत्मनिर्भरता की बात की तथा मद्यव्यसन और अन्य बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे. के संत, डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, विनोद कुमार कोल, कमलेश चावले, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय और छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने नई शिक्षा नीति पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



### गांधी जयंती पर तुलसी महाविद्यालय में हुआ विविध कार्यक्रम

अनूपपुर। जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय में राष्ट्रीय पर्व गांधी जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. परमानन्द तिवारी के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। ध्वजारोहण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, तत्पश्चात गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर रासेयो के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता की तथा वृक्षारोपण भी किया। महाविद्यालय परिवार ने देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया और उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं कर्मचारी सुरेंद्र और विकास तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इसी तारतम्य में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार गांधी जयंती के अवसर पर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति और महात्मा गांधी विषय पर ऑनलाईन परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. परमानंद तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि गांधी जी एक कालजयी योद्धा थे। उन्होंने सदैव स्वच्छता, आत्मनिर्भरता की बात की तथा मद्यव्यसन और अन्य बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे.के. संत, डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, विनोद कुमार कोल, कमलेश चावले, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने नई शिक्षा नीति पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

**गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय**

2. **08 अक्टूबर 2020** को प्राचार्य एवं जिला संगठक के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कोविड से बचाव का शपथ कार्यक्रम हुआ | इस अवसर पर प्राचार्य डॉ परमानन्द तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी संगीता बासरानी एवं ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, महाविद्यालय के अन्य शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा वरिष्ठ वालंटियर्स ने कोविड नियमों के पालन करने की शपथ ली |





**कोविड से बचाव एवं नियम पालन की शपथ ग्रहण करते हुए कर्मचारीगण**

3. **09 अक्टूबर 2020** को मतदाता जागरूकता शपथ का कार्यक्रम हुआ | इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार के प्रयोग करने की शपथ ली |





**मतदाता जागरूकता शपथ लेते अधिकारी एवं कर्मचारी**

4. **राष्ट्रीय एकता दिवस – 31 अक्टूबर 2021** को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रासेयो इकाई ने उनके योगदान पर एक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजन किया जिसके वक्ता प्रो कमलेश चावले, सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान रहे | एवं पश्चात् सभी देश की एकता अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली |




**राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते वालंटियर्स**

## नवम्बर – 2020

26 नवम्बर 2020 को **संविधान दिवस** के अवसर पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. परमानंद तिवारी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे के संत एवं सभी शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे |




संविधान दिवस पर शपथ दिलाते प्राचार्य महोदय

## दिसम्बर – 2020

1. 01 दिसम्बर 2020 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय तुलसी महाविद्यालय के रासेयो इकाई द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. परमानद तिवारी ने किया | इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे के संत मुख्य वक्ता रहे |




एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित व्याख्यान में मंचासीन प्राचार्य महोदय ,डॉ जे के संत एवं डॉ आकांक्षा राठौर

2. 10 दिसम्बर 2020 को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी सभी शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा | इस अवसर पर प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी ने कहा कि मानवाधिकार की संकल्पना पश्चिमी देशों से आयात की गई है, भारत में तो सदियों से वसुधैव कुटुम्बकम की भावना रही है |

3. 20 दिसम्बर 2020 दिन रविवार को रासेयो इकाई द्वारा नियमित गतिविधियों के अंतर्गत वालंटियर्स ने पूरे महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त किया साथ में महाविद्यालय से जिला न्यायालय परिसर तक की मुख्य सड़क को प्लास्टिक मुक्त किया |









## जनवरी 2021

01 जनवरी 2021 को **रन फॉर हेल्थ** कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने सर्वप्रथम सूर्यनमस्कार किया इसके पश्चात् एक रैली निकली गई जो महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर न्यायालय से होते हुए इंदिरा तिराहे तक गई एवं वहाँ से वापस आकर महाविद्यालय में सम्पन्न हुई |



### तुलसी महाविद्यालय द्वारा किया गया फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम

अनूपपुर।

केन्द्र सरकार के निर्देश पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 परमानंद तिवारी के नेतृत्व में कॉलेज के अधिकारियों, कर्मचारियों ने दौड़ एवं तेज चाल में हिस्सा लिया। मौके पर प्राचार्य ने बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट भारत में एक राष्ट्रव्यापी आन्दोलन है जो लोगों को अपने दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों और खेलों को शामिल करके स्वस्थ्य और फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। प्राचार्य परमानंद तिवारी ने बताया है कि महाविद्यालय के सभी महिला एवं पुरूष अधिकारी व कर्मचारी अपने दैनिक जीवन में योग, व्यायाम एवं खेलकूद आदि को अवश्य शामिल करें। साथ ही अपने बच्चों को भी इसके लिये प्रेरित करें। खेलकूद एवं व्यायाम से हम अपने आपको शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रख सकते है। कार्यक्रम के दौरान कोविड़-19 के संबंध में सरकार द्वारा जारी सभी निर्देषों का पालन किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापक डॉ0 जे0के0 संत, कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं संगीता बासरानी, डॉ0 गीतेश्वरी पाण्डेय, डॉ0 तरन्नुम सरवत, अजय राज सिंह राठौर, डॉ0 देवेन्द्र सिंह बागरी, राजेश उपाध्याय, रविन्द्र चटर्जी अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहें।



### तुलसी महाविद्यालय में फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन

उद्योग हकीकत/अनूपपुर।

केन्द्र सरकार के निर्देश पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 परमानंद तिवारी के नेतृत्व में कॉलेज के अधिकारियों, कर्मचारियों ने दौड़ एवं तेज चाल में हिस्सा लिया। मौके पर प्राचार्य महोदय ने बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट भारत में एक राष्ट्रव्यापी आन्दोलन है जो लोगों को अपने दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों और खेलों को शामिल करके स्वस्थ्य और फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करता है।

प्राचार्य ने बताया है कि महाविद्यालय के सभी महिला एवं पुरूष अधिकारी व कर्मचारी अपने दैनिक जीवन में योग, व्यायाम एवं खेलकूद आदि को अवष्य शामिल करें। साथ ही अपने बच्चों को भी इसके लिये प्रेरित करें। खेलकूद एवं व्यायाम से हम अपने आपको शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रख सकते है। कार्यक्रम के दौरान कोविड़-19 के संबंध में सरकार द्वारा जारी सभी निर्देशों का पालन किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापक डॉ0 जे0के0 संत, कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं संगीता बासरानी, डॉ0 गीतेष्वरी पाण्डेय, डॉ0 तरन्नुम सरवत, अजय राज सिंह राठौर, डॉ0 देवेन्द्र सिंह बागरी, राजेश उपाध्याय, कमलभान पटेल, रविन्द्र चटर्जी अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहें।

## एक्सप्रेस न्यूज




### तुलसी महाविद्यालय में फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन

**अनूपपुर।** केंद्र सरकार के निर्देश पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर द्वारा फिट इडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 परमानंद तिवारी के नेतृत्व में कॉलेज के अधिकारियों, कर्मचारियों ने दौड़ एवं तेज चाल मे हिस्सा लिया। मौके पर प्राचार्य महोदय ने बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट भारत में एक राष्ट्रव्यापी आन्दोलन है जो लोगों को अपने दैनिक जीवन मे शारीरिक गतिविधियों और खेलों को शामिल करके स्वस्थ्य और फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। प्राचार्य ने बताया है कि महाविद्यालय के सभी महिला एवं पुरूष अधिकारी व कर्मचारी अपने दैनिक जीवन में योग, व्यायाम एवं खेलकूद आदि को अवष्य शामिल करें। साथ ही अपने बच्चों को भी इसके लिये प्रेरित करें। खेलकूद एवं व्यायाम से हम अपने आपको शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रख सकते है। कार्यक्रम के दौरान कोविड़-19 के संबंध में सरकार द्वारा जारी सभी निर्देशों का पालन किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापक डॉ0 जे0के0 संत, कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं संगीता बासरानी, डॉ0 गीतेष्वरी पाण्डेय, डॉ0 तरन्नुम सरवत, अजय राज सिंह राठौर, डॉ0 देवेन्द्र सिंह बागरी, राजेश उपाध्याय, कमलभान पटेल, रविन्द्र चटर्जी अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

## समय

### तुलसी महाविद्यालय में फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम सम्पन्न




अनूपपुर (ब्यूरो) केंद्र सरकार के निर्देश पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राचार्य परमानंद तिवारी के नेतृत्व में कॉलेज के अधिकारियों, कर्मचारियों ने दौड़ एवं तेज चाल में हिस्सा लिया। मौके पर प्राचार्य ने बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट भारत में एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है, जो लोगों को अपने दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियो और खेलों को शामिल करके स्वस्थ एवं फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय के सभी महिला एवं पुरुष अधिकारी, कर्मचारी अपने दैनिक जीवन में योग व्यायाम एवं खेलकूद को अवश्य शामिल करें साथ ही अपने विद्यार्थीयों को भी इसके लिए प्रेरित करें। खेलकूद एवं व्यायाम से हम अपने आप को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रख सकते है। कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के संबंध में सरकार द्वारा जारी सभी निर्देशों का पालन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापक डॉ. जे. के. संत, कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं श्रीमती संगीता बासरानी, डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, अजय राज सिंह राठौर, डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, राजेश उपाध्याय, कमल भान पटेल, रविंद्र चटर्जी तथा अन्य शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

### वर्षाकाल के दौरान फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक तैयारी रखें - कलेक्टर

उमरिया। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि वर्षाकाल के दौरान फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक तैयारी रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि वर्तमान में वर्षा का दौर जारी है। ऐसे समय में आमजन में सामान्यतः मलेरिया, डेंगु, डायरिया, हैजा, मौसमी बुखार आदि के फैलने की आशंका रहती है। इन बीमारियों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तैयारी के साथ सतर्क रहे। उन्होंने जिले के सभी नगर निकायों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि मैदानी अमले के माध्यम से पर्याप्त सुरक्षात्मक कार्यवाही यथा आवश्यक टीकाकरण, कीटाणु नाशक दवाईयों का छिड़काव आदि किया जाये। साथ ही मैदानी अमले को निर्देशित करें कि वे अपने क्षेत्रान्तर्गत निरंतर भ्रमण करें और स्थिति पर सतत् निगरानी रखें।

2. 11 जनवरी 2021 दिन सोमवार को रासेयो इकाई द्वारा 01 दिवसीय जिला स्तरीय अभिमुखीकरण एवं **प्रशिक्षण कार्यक्रम** का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया | इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सी एम तिवारी, समन्वयक रासेयो अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, एवं मुख्य वक्ता श्री राहुल सिंह परिहार कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो बरकतउल्ला विश्वविद्यालय मुक्त इकाई रहे | कार्यक्रम में अनूपपुर जिले के सभी रासेयो इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी एवं वालंटियर्स ने प्रतिभागिता की | कार्यक्रम का आयोजन गूगल मीट पर किया गया |

### तुलसी महाविद्यालय में जिला स्तरीय अभिसुखीकरण प्रशिक्षण सम्पन्न

**अनूपपुर।** शास.तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर द्वारा एक दिवसीय जिलास्तरीय अभिसुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आभासी पटल पर किया गया । कार्यक्रम के संरक्षक कलेक्टर चन्द्रमोहन ठाकुर रहें । कार्यक्रम के संयोजक व अध्यक्ष प्राचार्य व जिला संगठक रा.से.यो. अनूपपुर , शास.तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर रहे ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.सी.एम. तिवारी , अ.प्र.सिंह वि.वि.रीवा विशिष्ट अतिथि डॉ.आर.आर.सिंह , जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र संगठन अनूपपुर भारत सरकार , मुख्य वक्ता राहुल सिंह परिहार कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो. मुक्त इकाई एवं सह - प्रशिक्षक श्रज्ञद्ध रहें । कार्यक्रम में जिले के हस्स अधिकारी व छात्र - छात्राएं शामिल हुए । राहुल सिंह परिहार ने अपने वक्तव्य में कार्यक्रम अधिकारियों व छात्र / छात्राओं को हस्स के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । डॉ.आर.आर. सिंह द्वारा युवाओं को ज्यादा से ज्यादा हस्स और नेहरू युवा केन्द्र से जुड़ने के लिए कहा गया । इन्होंने सामुदायिक विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया

4. 12 जनवरी 2021 को **राष्ट्रीय युवा दिवस** के अवसर पर रासेयो इकाई द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे |







**तुलसी महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद की 158 वीं जयंती बनाई**

अनूपपुर संबाददाता अविनाश दुबे

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय पर स्थित तुलसी महाविद्यालय में छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा स्वामी विवेकानंद की 158 वी जयंती बनाई जिसमें तुलसी महाविद्यालय के छात्र-छात्रा एवं शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद की 158वीं जयंती मनाई,स्वामी विवेकानंद जी के परोपकारी जीवन उनके ओजस्वी बिचारों पर प्रकाश डाला,इस अवसर पर अनेक वक्ताओ ने 158 वी जयंती को युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प दिखाया। प्राचार्य श्री परमानंद तिवारी एवं एनएसएस अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश पांडे शिक्षक शाहबाज़ खान,गीतेवश्वरी पाण्डेय,विनोद कुमार कोल,देवेंद्र बागरी अन्य शिक्षक गण एवं छात्रा साक्षी पाठक छात्र विमल गुप्ता समेत अन्य छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वामी विवेकानंद की 158 वी जयंती बनाई जिसमें प्राचार्य महोदय श्री परमानंद तिवारी जी ने बताया कि सूर्य देव को प्रणाम कर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर प्रणाम कर योगा का छोटा सा कार्यक्रम रखकर श्रद्धा सुमन भेट किये।

**एनसीएल ग्राउन्ड बिलौजी पहुचे कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक**

**शिवराज चौहान जी के आगमन हेतु तैयार किये जाने वाले सभा स्थल सहित हेलीपैड व्यवस्था का किया निरीक्षण**




**स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर आयोजित सूर्य नमस्कार करते स्वयंसेवक एवं प्राचार्य महोदय**

5. **दिनांक** 20 जनवरी 2022 दिन बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना जिला अनूपपुर के सभी इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया | बैठक की अध्यक्षता जिला संगठक डॉ परमानन्द तिवारी ने किया जिसमें उन्होंने सभी कार्यक्रम अधिकारियों को नियमित गतिविधियों एवं शिविर के आयोजन सम्बन्धी दिशानिर्देश दिए |

6. **शा. तुलसी महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा 23 जनवरी 2021 को नेता** जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में बनाया गया | यह नेता जी की 125 जन्मजयंती समारोह था | कार्यक्रम के मुख्यवक्ता एवं मुख्यअतिथि डॉ. आर एस वाटे प्राचार्य शा महाविद्यालय जैतहरी रहे |



## तुलसी महाविद्यालय में नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवाओं के प्रेरकः डॉ संत

**संवाददाता अविनाश दुबे**

**अनूपपुर।** शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 23 जनवरी 2021 को नेता जी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. परमानंद तिवारी, प्राचार्य शा. तुलसी महाविद्यालय के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर.एस. बाटे, प्राचार्य शा.महाविद्यालय, जैतहरी रहे एवं अध्यक्षता डॉ. जे.के संत ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ गीतेश्वरी पाण्डेय, अजयराज सिंह राठौर एवं शाहबाज़ खान ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आकांक्षा राठौर, डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, संगीता बासरानी, प्रीति वैश्य, पूनम धांडे, विनोद कुमार कोल तथा कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






**नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती (पराक्रम दिवस) पर व्याख्यान**

7. **राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी** के अवसर पर रासेयो इकाई द्वारा महाविद्यालय में समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई गई एवं इसके पश्चात रंगोली, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में प्राचार्य एवं जिला संगठक डॉ परमानंद तिवारी, डॉ जे के संत, प्रो. कमलेश चावले, डॉ देवेन्द्र सिंह बागरी, प्रो अजयराज, प्रो. प्रीति वैश्य, प्रो पूनम धांडे, प्रो. संगीता बासरानी, डॉ गीतेश्वरी पाण्डेय, डॉ आकांक्षा राठौर एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे |





**राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर शपथ लेते बच्चे**

8. **राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की | इसके पश्चात् एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे के संत ने किया | प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि श्री पवन छिब्बर एवं विशिष्ट अतिथि श्री दीपक अग्रवाल जी रहे | द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि कल्याण आश्रम अमरकंटक के महंत श्री हनुमान दास जी रहे एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुधा शर्मा (शासकीय अधिवक्ता) जबकि संचालन श्री दीपक अग्रवाल ने किया |











शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं उपरान्त आयोजित कवि सम्मलेन

**पोलियो उन्मूलन दिवस – पोलियो** उन्मूलन दिवस 1 फरवरी 2021 के अवसर पर एक रैली निकाली गई | रैली का आयोजन रासेयो जिला संगठक एवं प्राचार्य डॉ परमानन्द तिवारी के मार्गदर्शन में और कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं प्रो संगीता बासरानी के नेतृत्त्व में किया गया | इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ एवं अशैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र- छात्राएँ उपस्थित रहे |



पल्स पोलियो अभियान रैली को प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अविनाश दुबे

**अनूपपुर।** शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर में आज 1 फरवरी को प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने एक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम का आयोजन पल्स पोलियो अभियान के तहत स्थानीय समुदाय को पोलियो की घातक बीमारी से जागरूक करने के लिए किया गया। भारत पूर्व में पोलियो मुक्त देश घोषित हो चुका है लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन के समर्थन से यह अभियान अभी देश में संचालित हो रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जे.के संत, प्रीति वैश्य, पूनम धांडे, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, डॉ तरन्नुम सरवत, डॉ आशीष गुप्ता, डॉ सलीम मंसूरी के साथ अन्य कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।




**पोलियो उन्मूलन दिवस 1 फरवरी 2021पर आयोजित कार्यक्रम की तस्वीर एवं मीडिया कवरेज**

## फरवरी - 2022

1. **महाविद्यालय** के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा **दिनांक 26 फरवरी को नशामुक्ति अभियान** के तहत एक रैली का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ जे के संत, डॉ आकांक्षा राठौर, प्रो. शाहबाज़ खान, प्रो. पूनम धांडे, प्रो. प्रीति वैश्य कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं पुरुष इकाई क्रमशः संगीता बासरानी एवं ज्ञान प्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे |







**मद्य निशेष रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते न्यायधीश महोदय श्री भू भास्कर यादव जी**



# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति के लिए निकली रैली

**अनुपपुर संवाददाता अविनाश दुबे**

**अनुपपुर।** शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी के मार्गदर्शन में एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अनूपपुर श्री भूभास्कर यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशा से होने वाले नुकसानों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. जे के संत, डॉ आकांक्षा राठौर, डॉ देवेंद्र सिंह बागरी, अजयराज सिंह राठौर, शाहबाज़ खान, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ( कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो) एवं कर्मचारीगण तथा छात्र- छात्राओं ने भाग लिया।










मद्य निशेष रैली का दृश्य

## मार्च – 2021

1. **02 मार्च 2021** को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं जिला विधिक सहायता प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा **नशामुक्ति जागरूकता अभियान** पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया | इस संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. परमानंद तिवारी ने किया | मुख्य अतिथि डॉ. भू भास्कर यादव अपर जिला न्यायधीश अनूपपुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ विक्रम सिंह बघेल प्राचार्य शा. महाविद्यालय बिजुरी रहे | इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे |






नशामुक्ति जागरूकता अभियान पर एक संगोष्ठी में मंचासीन वक्तागण

2. **महिला सम्मान समारोह – 08 मार्च 2021** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में रासेयो इकाई द्वारा प्राचार्य एवं जिला संगठक डॉ परमानन्द तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया | इस कार्यक्रम में जिला न्यायालय के 08 महिला न्यायधीशों को सम्मानित किया गया एवं उनका व्याख्यान हुआ |




**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर आयोजित महिला सम्मान समारोह**



**महिला सम्मान समारोह के फोटोग्राफ्स**

3. (विशेष शिविर: 10-16 मार्च 2021)

रासेयो पुरुष इकाई का विशेष शिविर 10 -16 मार्च 2021 के मध्य गोदग्राम कुसमहाई के पंचायत मुख्यालय पिपरिया, जिला अनूपपुर में आयोजित की गई | इस शिविर का उद्घाटन माननीय अपर जिला न्यायाधीश भूभास्कर यादव जी ने किया | शिविर के सातों दिन शिविरार्थियों ने कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला संगठक के निर्देशन में स्थानीय समुदाय को विभिन्न विषयों पर जागरूक करने का प्रयास किया | शिविर के सातों दिन को विभिन्न सत्रों में विभाजित किया गया जिनमें प्रथम सत्र में योगाभ्यास द्वितीय सत्र में सामुदायिक जागरूकता कार्य, तृतीय सत्र में बौद्धिक चर्चा, चतुर्थ सत्र में खेल गतिविधियों का आयोजन एवं पंचम और अंतिम सत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गाया | शिविर की सभी गतिविधियों का एक पृथक प्रतिवेदन बना हुआ है, अतः यहाँ विस्तार से वर्णन नहीं किया जा रहा है |



## सामुदायिक विकास एवं राष्ट्र निर्माण में एन.एस.एस. की महत्त्वपूर्ण भूमिका: डॉ. आर आर सिंह

**संवाददाता अविनाश दुबे**

**अनूपपुर।** शासकीय तुलसी महाविद्यालय , अनूपपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पिपरिया में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ आर आर सिंह जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र भारत सरकार ने उक्त बातें कही। इस सत्र की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ परमानन्द तिवारी ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की तथा सभी कार्यों में स्थानीय लोगों से भी आगे आने की अपेक्षा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मनीष चौहान ने शिविरार्थियों को अनुशासन का महत्व समझाया। इस सत्र का संचालन कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने किया। इसके साथ डांडी मार्च के वर्षगांठ एवं स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष में प्रवेश को लेकर पूरे देश में मनाया जा रहा ' अमृत महोत्सव' का शिविर में भी शुभारंभ हुआ। अमृत महोत्सव के अवसर पर शासकीय तुलसी महाविद्यालय में व्याख्यान और संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसके पश्चात रासेयो और नेहरू युवा केन्द्र तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में एक रैली आयोजित की गयी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भू भास्कर यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशिष्ट अतिथि द्वय स्वयं प्रकाश दुबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, डॉ. आर आर सिंह जिला युवा अधिकारी ,नेहरू युवा केन्द्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.परमानन्द तिवारी, प्राचार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय ने किया। इस रैली में इन अधिकारियों के साथ सैकड़ों छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता की।



## राष्ट्रीय सेवा योजना सामुदायिक जीवन जीने की सिखाती है कला न्यायाधीश भू भास्कर यादव

**संवाददाता अविनाश दुबे**

**अनूपपुर।** शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पिपरिया, जिला अनूपपुर में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री भू भास्कर यादव जी कहा कि रासेयो के माध्यम से छात्रों को स्थानीय समुदाय से साक्षात्कार का अवसर मिलता है जिससे उनमें जीने की कला विकसित होती है। इस माध्यम से छात्रों को यह सीख मिलती है कि कम संसाधनों के बावजूद किस प्रकार सामाजिक सरोकारों से जुड़ा जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने सभी बच्चों को ग्रामवासियों के साथ मिलजुलकर बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. जे के संत ने कहा कि इन विशेष शिविरों के माध्यम से छात्र किताबों में सीखी हुई बातों को व्यवहार में अपनाने का अवसर पाते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, डॉ गीतेश्वरी पाण्डेय, डॉ. आकांक्षा राठौर, डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, अजयराज सिंह राठौर, शाहबाज़ खान, प्रीति वैश्य, डॉ. तरन्नुम सरवत, डॉ. सतेंद्र चौहान एवं महाविद्यालय के गैरशैक्षणिक कर्मचारीगण तथा रासेयो के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




**04. 12 मार्च अमृत महोत्सव का शुभारंभ**

**दांडी मार्च के वर्षगाँठ के अवसर पर** प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर दिनांक 12 मार्च 2021 से अमृत महोत्सव का शुभारम्भ किया गया | यह कार्यक्रम 05 अप्रैल 2021 तक चलेगा |






# अप्रैल – 2021

**विश्व वसुंधरा दिवस 22 अप्रैल** – विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रासेयो इकाई द्वारा एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसके मुख्यवक्ता ख्यातिप्राप्ति खगोल वैज्ञानिक डॉ अमिताभ पाण्डेय रहे एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी ने किया |



## मानव सभ्यता को बचाने के लिए प्रकृति का संरक्षण आवश्यकः डॉ. अमिताभ पाण्डेय

**संवाददाता अविनाश दुबे**

**अनूपपुर।** शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर द्वारा 22 अप्रैल 2021 को विश्व वसुंधरा दिवस के अवसर पर 'भारतीय चिंतन में प्रकृति और पर्यावरण' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ख्यातिलब्ध अंतरिक्ष एवं खगोल वैज्ञानिक डॉ. अमिताभ पाण्डेय ने उक्त विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पृथ्वी की उत्पत्ति आज से लगभग साढ़े चार अरब वर्ष पूर्व हुई और धीरे-धीरे विभिन्न जीवों का विकास हुआ। मानव जीवन भी उद्विकास के विभिन्न चरणों से गुजरते हुए वर्तमान अवस्था तक पहुँचा। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट वक्ता उपस्थित डॉ. ईश्वर सिंह 'दोस्त' वरिष्ठ फेलो आई.सी.एस.एस.आर. ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापन जैसे अत्यंत संवेदनशील चुनौतियों से निपटने के लिए गम्भीर एवं वास्तविक प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संपोषित विकास के लिए आवश्यक है कि प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के मध्य समन्वय और संवाद स्थापित किया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इस वेबिनार के संरक्षक और संयोजक डॉ. परमानन्द तिवारी, प्राचार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय ने सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि 'प्रकृति पूजा' एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना भारतीय संस्कृति की मूल चरित्र है। कार्यक्रम का संचालन डॉ गीतेश्वरी पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक, गणित ने किया एवं अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन और आभार प्रदर्शन ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने किया तथा प्रो. शाहबाज़ खान तकनीकी विशेषज्ञ रहे। वेबिनार के आयोजन में डॉ. जे के संत, डॉ. आर.एस. वाटे, डॉ. डी. पी शारमे, डॉ. तरन्नुम सरवत, डॉ. देवेंद्र तिवारी, डॉ. मनीष शुक्ला, प्रो. विनोद कोल, प्रो. कृष्णचंद्र सोनी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के प्राध्यापकगण, छात्र-

|

कार्यक्रम की मीडिया कवरेज

# मई – 2021

**विश्व तम्बाकू निषेध दिवस -** 31 मई 2022 को विश्व तम्बाकू दिवस के अवसर पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया जिसके मुख्यवक्ता डॉ. एल एस गजपाल विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र एवं समाजकार्य अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर रहे एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी ने किया | वेबिनार का " युवाओं में बढती नशा की प्रवृत्ति : समस्या एवं निदान" विषय पर था इसमें डॉ आर आर सिंह , उपनिदेशक, नेहरू युवा केंद्र, विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित रहे |




# जून - 2021

1. **विश्व पर्यावरण दिवस** – पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया | वेबिनार का

विषय " पर्यावरण संरक्षण समय की आवश्यकता" पर केन्द्रित था जिसके मुख्यवक्ता ख्यातिलब्ध खगोलशास्त्री डॉ अमिताभ पाण्डेय रहे एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ परमानन्द तिवारी ने किया |




2. **विश्व रक्तदान शिविर** – 15 जून 2021 को अंतरराष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया |



## युवावर्ग रक्तदान को बनाए जीवन का महत्त्वपूर्ण हिस्साः डॉ. परिहार

अनूपपुर। जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्त्वावधान में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 15 जून को कोविड-19 के संदर्भ में रक्तदान की महत्ता विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में बतौर मुख्यवक्ता उपस्थित कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय शहडोल के सिविल सर्जन डॉ. जी एस परिहार ने उक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए तथा समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। डॉ. परिहार ने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को बेवजह खून चढ़ाने की प्रवृत्ति त्यागनी चाहिए और चिकित्सीय परामर्श अवश्य लेना चाहिए।

### उद्‌बोधन की प्रशंसा

कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. के कुमार प्राध्यापक, प्राणिशास्त्र, शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल ने विस्तार से अपनी बात रखी। डॉ. कुमार ने वायरस के पूरे सिस्टम को समझाते हुए रक्त के सभी फंक्शन के साथ, हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट्स, डब्ल्यू.बी.सी. रेड.बी.सी. पर विस्तार से प्रकाश डाला और प्रतिभागियों ने डॉ. कुमार के उद्बोधन की प्रशंसा की। वेबिनार की विशिष्ट वक्ता डॉ. सुधा नामदेव ब्लडबैंक अधिकारी, जिला चिकित्सालय शहडोल ने बताया कि रक्तदान किस प्रकार लोगों के जीवन को बचाता है। उन्होंने कहा कि 18 से 65 वर्ष का कोई भी व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो वह रक्तदान कर सकता है।

### रक्तदान से डरना नहीं चाहिए

कार्यक्रम के संरक्षक एवं तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने वेबिनार के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान से डरना नहीं चाहिए बल्कि इसके लिए आगे आना चाहिए और युवाओं को इस आशय का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि देश अभी कोविड काल में देख रहा है कि किस प्रकार लोग रक्त और ऑक्सीजन के लिए परेशानी उठा रहे थे। वेबिनार की संयोजक श्रीमती अरुणिमा सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और इसके विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक गणित, शासकीय तुलसी महाविद्यालय ने किया एवं अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार प्रदर्शन सत्येंद्र सिंह चौहान ने किया। वेबिनार के सहसंयोजक शाहबाज खान एवं सचिव ज्ञान प्रकाश पाण्डेय रहे।



## युवावर्ग रक्तदान को बनाए जीवन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा : डॉ. परिहार

संवाददाता अविनाश दुबे

3. **21 जून – टीकाकरण महाभियान का प्रारम्भ** – 21 जून 2021 से शासन के आदेशानुसार कोविड टीकाकरण महाभियान का शुभारम्भ किया गया | इस अभियान का उद्देश्य लोगों को शीघ्रता से बिना किसी भय अथवा डर के कोविड का टीका लगवाने के लिए प्रेरित करना था |

# कोविड टीकाकरण जागरूकता महाअभियान में युवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका : जिला एवं सत्र न्यायाधीश

**आर्यावर्त समाचार ब्यूरो**
**अविनाश दुबे**




**अनूपपुर।** जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई वॉलेंटियर्स और एन.सी.सी के कैडेट्स द्वारा कोविड टीकाकरण महाभियान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसे प्रधान जिला न्यायाधीश राजेश अग्रवाल एवं मुख्य न्या. मजिस्ट्रेट स्वयं प्रकाश दुबे अनूपपुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अग्रवाल जी ने कहा कि आज 21 जून टीकाकरण जागरुकता रैली के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी है और इन दोनों ही आयोजनों में युवाओं की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इस कार्यक्रम की सफलता काफी हद तक युवाओं पर निर्भर करेगी। इसी कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री स्वयंप्रकाश द्विवेदी ने वैक्सीनेशन कार्यक्रम के महत्त्व पर प्रकाश डाला और योग के महत्त्व पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य और योग के मध्य सम्बन्ध को बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शासन का यह महत्त्वाकांक्षी महाभियान आमजन के स्वास्थ्य एवं जीवनरक्षा के लिए उठाया गया बेहद महत्वपूर्ण कदम है, जिसकी सफलता में युवावर्ग को बढ़चढ़कर आगे आने की जरूरत है। डॉ. तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए उन्हें बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज के संचालक अंकित शुक्ला भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, अजयराज सिंह राठौर, शाहबाज़ खान, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, डॉ. तरन्नुम सरवत, सत्येंद्र चौहान सहित महाविद्यालय के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

# टीकाकरण महाभियान में उत्साह के साथ जुड़ें युवा डॉ. परमानन्द तिवारी

**अनुपपूर।** अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ परमानन्द तिवारी ने 21 जून 2021 से चलाए जा रहे कोविड टीकाकरण महाभियान को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के छात्रों एवं अन्य सभी युवाओं से आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं के सामने जहाँ लोगो को टीकाकरण स्थल तक लाना एक चुनौती है वहीं दूसरी ओर सामाजिक सरोकारों से जुड़ने का एक अच्छा अवसर भी है। डॉ. तिवारी ने कहा कि जो बच्चे टीकाकरण केंद्रों पर ऐच्छिक सेवाएँ दे रहे हैं वे अपनी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखें। कलेक्टर अनूपपुर सोनिया मीणा (आइएएस) एवं डॉ. परमानन्द तिवारी के आह्वान पर जिले के सभी निजी एवं शासकीय महाविद्यालयों के छात्रों ने टीकाकरण कराया। जहां पर सास की शासकीय तुलसी महाविद्यालय के 35 छात्र छात्राओं ने वैक्सीनेशन टीकाकरण लगवाया





# टीकाकरण महाअभियान में तत्परता से जुड़ें छात्र-छात्राएं : डॉ. परमानन्द तिवारी

**अविनाश दुवे**

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा 21 से 30 जून 2021 के मध्य चलाए जाने वाले टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के लिए अनूपपुर जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने जिले के अन्य महाविद्यालयों के प्राचार्यों और प्राध्यापकों के साथ-साथ छात्रों को भी निर्देशित किया। डॉ. तिवारी ने कहा कि सभी छात्र- छात्राएं अनिवार्य रूप से स्वयं का टीकाकरण कराएं तथा अपने परिजनों को भी टीका लगवाएं। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन.सी.सी. के वॉलेंटियर्स को भी निर्देश दिया कि सभी आवश्यक रूप से घर घर जाकर लोगों को टीकाकरण कार्यक्रम से अवगत कराएं तथा आमजन में टीका को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर टीका लगवाने के लिए तैयार करें। 18 जून को कलेक्टर सोनिया मीणा (आई.ए.एस.) की वर्चुअल बैठक के बाद डॉ. तिवारी ने कहा कि छात्र छोटी-छोटी संख्या में रैली निकालें और लोगों को टीकाकरण के लिए तैयार करें। जो छात्र गांवों से आते हैं वे अपने गांव के अन्य बच्चों को भी प्रोत्साहित करें और उन्हें भी इस अभियान से जोड़ें। इसी तारतम्य में कल 19 जून को जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की एक वर्चुअल बैठक कलेक्टर अनूपपुर द्वारा ली जाएगी जो गूगलमीट प्लेटफॉर्म पर आयोजित होगी। डॉ. तिवारी ने सभी प्राचार्यों, प्राध्यापकों और निजी महाविद्यालयों के संचालकों को निर्देश दिया कि सभी इस महाअभियान में रुचि लेकर अपने-अपने संस्थाओं के छात्रों को निरंतर प्रेरित करें और उनकी मोनिटरिंग भी करते रहें जिससे सकारात्मक नतीजे आ सकें।






**रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला न्यायधीश माननीय राजेश अग्रवाल**

**26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस – अंतर्राष्ट्रीय** नशा निवारण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके मुख्यवक्ता माननीय न्यायधीश श्री स्वयं प्रकाश द्विवेदी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी ने किया जिसमें महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा | कार्यक्रम कोविड नियमों के अनुसार किया गया जिसमें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया |

इसके साथ ही **26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस** के अवसर पर जिला न्यायालय द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के रासेयो वालंटियर्स एवं कार्यक्रम अधिकारी ने सहभागिता किया एवं रक्तदान किया |






**रक्तदान करते कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं अन्य छात्र – छात्राएँ**








अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस – अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में एक व्याख्यान

## सत्र 2020- 21 में आयोजित विभिन्न गतिविधियों एवं कोविड जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रमों के फोटोग्राफ्स एवं मीडिया कवरेज -






### शा. तुलसी महाविद्यालय में किया गया सैनिटाइजर का वितरण 'मेरा सैनिटाइजर मेरी सुरक्षा'

**आर्यावर्त समाचार अनूपपुर**

**अनूपपुर।** देश में जहां चारों तरफ कोरोनावायरस को लेकर महामारी फैली हुई है वही आज ङ्मेरा सैनिटाइजर मेरी सुरक्षाङ के तहत शासकीय तुलसी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर परमानंद तिवारी जी के द्वारा कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को सैनिटाइजर वितरण किया गया इस अवसर पर प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी जी ने कहा कि मात्र सैनिटाइजर के साथ मास्क एवं 2 गज की दूरी बहुत जरूरी है इस बात को खुद को समझना समझाना और देश को बचाना है।

**घर-घर जाकर जनजागरण अभियान**



Jansampark Anuppur
6 mins · Facebook for Android

महिला सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तिपान सभागार में महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में जब महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे आ रही हैं तो यह बहुत आवश्यक हो जाता है कि इन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए, जहां ये पूरी स्वतन्त्रता के साथ कार्य कर सकें। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि उदय प्रताप सिंह, महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों में डॉ. आकांक्षा राठौर, प्रीति वैश्य, पूनम थांडे और डॉ. तरन्नुम सरवत मंचासीन रहे और अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रसायनशास्त्र की प्राध्यापक प्रियंका अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।
#JansamparkMP

# डॉ. परमानन्द तिवारी ने कोरोना योद्धाओं को समर्पित किया जन्मदिन

**संवाददाता अविनाश दुबे**

**अनूपपुर।** जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. परमानन्द तिवारी ने अपना 64वां जन्मदिन देशभर के कोरोना योद्धाओं को सपर्पित किया जो रात-दिन अपनी जान को जोखिम में डालकर



मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। डॉ तिवारी का जन्म 5 मई 1957 को रीवा जिले के बरहुला गांव में हुआ तथा शहडोल सम्भाग को उन्होंने अपना कर्मक्षेत्र बनाया। डॉ. तिवारी विभिन्न समाजिक सरोकारों से जुड़े हुए हैं और अकादमिक क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए अनेक राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने इस जन्मदिन पर किसी प्रकार का समारोह आयोजित न करने का निर्णय लेते हुए कहा कि देश में अभी महामारी का संकट है इएलिये आवश्यक है सभी घरों में ही रहें तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। साथ ही जिले भर के रा.से.यो. इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी जरूरतमंदों तक आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएं एवं आम जनमानस को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि 18 से 45 वर्ष की आयुवर्ग के लोगों को टीका लगवाने के लिए ऑनलाईन पंजीकरण कराना है जिसमें बहुत से ऐसे लोग हैं जिनके पास तकनीकी सुविधा और कौशल की कमी है। ऐसे लोगों की भी रासेयो वॉलेंटियर्स सहयोग करें और टीकाकरण से छूटने न दें। यह जानकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, शासकीय तुलसी महाविद्यालय द्वारा दी गई।

में हड़कंप मचा हुआ है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलेंटियर्स कोरोना से जारी लड़ाई में करें निर्णायक भागीदारी : डॉ. परमानन्द तिवारी

**संवाददाता अविनाश दुबे**



**अनूपपुर।** जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. परमानन्द तिवारी ने कहा कि पूरा देश इस समय विकराल महामारी से संघर्ष कर रहा है और इस लड़ाई को जीतने में युवावों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. तिवारी ने जिले में संचालित समस्त रासेयो इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्यक्रम अधिकारी अपने वॉलेंटियर्स के साथ आवश्यक सावधानियों और सुरक्षा सम्बन्धी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए समाज के प्रति अपनी भूमिका का निर्वहन करें। ऐसे विपरीत परिस्थितियों में रचनात्मक तरीके से लोगों को जागरूक करना, वैक्सीन के प्रति किसी भी भ्रांति को दूर करना, आवश्कता पड़ने पर स्थानीय प्रशासन का सहयोग करना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन बिल्कुल सुरक्षित एवं कारगर उपाय है, और लोगों से अपील की कि अपरिहार्य कारण हों तभी घर से निकलें, सामाजिक दूरी का पालन करें और मास्क जरूर लगाएं तथा इसके लिए अन्य लोगों को भी निरन्तर प्रेरित करते रहें। उक्त जानकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, शा.तुलसी महाविद्यालय द्वारा दी गयी।

# कोरोना संकट में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किया जा रहा निरंतर प्रयास सराहनीय : डॉ. परमानन्द तिवारी

*आर्यावर्त समाचार ब्यूरो*

*अनूपपुर। जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला संगठक रासेयो डॉ परमानन्द तिवारी ने कोरोना महामारी के इस वैश्विक संकटकाल में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ऐसा दौर है जिसमें सभी वर्गों की समस्याएं एक जैसी नहीं बल्कि पृथक हैं।*



कोई भूख से पीड़ित है, किसी को दवाई नहीं मिल रही है, किसी को रक्त चाहिए तो कहीं कर्मचारियों की कमी है। ऐसे में रासेयो के स्वयंसेवकों ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी उपयोगिता सिद्ध करते हुए योगदान प्रदान किया। छात्र निरन्तर लोगों को टीकाकरण कार्यक्रम, स्वच्छता, सोशल डिस्टेंसिंग के प्रति जागरूक कर रहे हैं तथा जरूरतमन्दों की उनकी आवश्यकताओं के अनुसार मदद कर रहे हैं। ये जिला प्रशासन एवं अस्पताल प्रशासन का भी सहयोग करने के लिए तत्परता से तैयार हैं। इसी तारतम्य में शासकीय तुलसी महाविद्यालय के रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं डॉ तरन्नुम शरबत ने कोरोना का टीका लगवाते हुए कहा कि सभी युवाओं को टीकाकरण कार्यक्रम में आगे आना चाहिए तथा किसी भी प्रकार के भय भ्रम से दूर रहना चाहिए। उक्त जानकारी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं गुणवत्ता प्रकोष्ठ के प्रभारी शाहबाज़ खान द्वारा दी गई।

# घर-घर जाकर जनजागरण अभियान चला रहे हैं तुलसी महाविद्यालय रासेयो इकाई के स्वयंसेवक





**संवाददाता अविनाश दुबे**

अनूपपुर जिले में दिनांक 11 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित देशव्यापी टीकाकरण कार्यक्रम 'टीका महोत्सव' के तारतम्य में शासकीय तुलसी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक अपने आस-पास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक एवं सतर्क कर रहे हैं। ये छात्र कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रहने के लिए सभी आवश्यक उपायों के साथ आमजनता में दीवार पेंटिंग, पोस्टर, स्लोगन और सोशल मीडिया के माध्यम से जनजागरण कार्यक्रम चला रहे हैं। सभी कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य एवं जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. परमानन्द तिवारी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संचालित किये जा रहे हैं। डॉ. तिवारी ने सभी छात्रों को निर्देशित किया है कि टीकाकरण कार्यक्रम और संक्रमण से सुरक्षा के लिए यदि आवश्यक हो तो स्थानीय एवं अस्पताल प्रशासन के सहयोग के लिये भी तैयार रहें।











शासकीय तुलसी महाविद्यालय
अनूपपुर
राष्ट्रीय सेवा योजना
ज्ञानप्रकाश पाण्डेय
संगीता बासरानी
डॉ. परमानन्द तिवारी



शासकीय तुलसी महाविद्यालय
अनूपपुर
राष्ट्रीय सेवा योजना
ज्ञानप्रकाश पाण्डेय
संगीता बासरानी
डॉ. परमानन्द तिवारी














SAVE THE WATER
AND
SAVE THE TREE












राष्ट्रीय सेवा योजना
7 दिवसीय विशेष शिविर




राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना








राष्ट्रीय सेवा योजना


SAVE ENVIRONMENT





---------------------------------------------